कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–स/SDMC/22423/2015–19/253 दिनांक : 19.06.2019

समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा, राजस्थान।

विषय :– विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति (SDMC) की साधारण सभा तथा कार्यकारिणी समिति की निर्धारित समयावधि में बैठक आयोजन तथा पारित प्रस्तावों की क्रियान्विति हेतु सतत् प्रबोधन बाबत्।

प्रसंग :– विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक : 06.07.2016 एवं 06.02.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक : 06.02.2019 द्वारा शासकीय अनुमोदनोपरान्त राज्य के समस्त माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में "राजस्थान राज्य सहकारी संस्था पंजीकरण अधिनियम–1958" के प्रावधानान्तर्गत पंजीकृत संस्था के रूप में गठित "विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति (SDMC)" की संरचना एवं दायित्व निर्धारण सम्बन्धी स्थाई निर्देश जारी किए गए हैं, उक्त निर्देशों की पालना हेतु क्षेत्राधिकार में अग्रांकित विवरणानुसार क्रियान्विति एवं सतत् प्रबोधन किया जाना सुनिश्चित करने हेतु लिखा गया।

1. SDMC की कार्यकारिणी समिति की प्रत्येक माह अमावस्या को निर्धारित बैठक नियमित रूप से आयोजित की जावे। उक्त बैठक में विद्यालय के शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि तथा भौतिक संरचना के विकास सम्बन्धी मुद्दों पर विमर्श उपरान्त पारित प्रस्तावों की क्रियान्विति हेतु अधीनस्थ संस्था प्रधानों को नियमित मॉनिटरिंग हेतु पाबन्द किया जावे।
2. कार्यकारिणी समिति का कार्यकाल दो शैक्षिक सत्रों के लिए निर्धारित है। उक्तानुरूप कार्यकाल समाप्ति पर निर्धारित समयावधि में पदेन सदस्यों के अतिरिक्त अन्य सदस्यों के मनोनयन/निर्वाचन की कार्यवाही SDMC विधान के अनुरूप तत्काल सम्पादित की जानी सुनिश्चित की जाए। वर्तमान प्रावधानों के अनुरूप SDMC की कार्यकारिणी समिति में क्षेत्रीय विधायक द्वारा 2 प्रतिनिधियों का मनोनयन किया जाता है। उक्तानुरूप पन्द्रहवीं विधानसभा के निर्वाचन उपरान्त क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में SDMC की कार्यकारिणी समिति में क्षेत्रीय विधायक के 2 प्रतिनिधियों के नवीन मनोनयन/अनुमोदन की कार्यवाही प्राथमिकता से सम्पादित की जानी है।

उपर्युक्त निर्देशों की पालना क्षेत्राधिकार में सर्वोच्च प्राथमिकता से सम्पादित करवाई जानी सुनिश्चित करें।

(नथमल डिडेल)
IAS
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर